# मास्को में 75वीं विक्ट्री डे परेड भारतीय सैन्य दल ने बांधा शमां

## द्वितीय विश्वयुद्ध की वर्षगांठ के तौर पर रूस हर साल आयोजित करता है परेड

**साजिश**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी हुए शामिल, शेयर की तस्वीर
- विक्ट्री डे परेड पर रूस दिखाता है अपनी सैन्य ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। रूस की राजधानी मास्को में 75वीं विक्ट्री डे परेड का आयोजन किया गया। इस परेड के जरिए रूस ने दुनिया को अपनी सैन्य ताकत दिखाई। बता दें कि चीन के साथ तनाव के बीच भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। इस परेड में भारत की सैन्य टुकड़ी भी शामिल हुई जिसने विदेशी जमीन पर भारतीय तिरंगे के साथ मार्च पॉस्ट किया।



**रूस के उप प्रधानमंत्री के साथ राजनाथ ने की बैठकः** राजनाथ सिंह ने रूस के उप प्रधानमंत्री यूरी बोरिसोव के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों पर चर्चा की। रूसी उप प्रधानमंत्री कोरोना वायरस महामारी की पाबंदियों के बावजूद उनसे होटल में मिलने आए थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों के बीच हुई चर्चा बेहद सकारात्मक रही।

मुझे आश्वासन दिया गया है कि दोनों देशों के बीच चल रहे अनुबंधों को कायम रखा जाएगा और न केवल कायम रखा जाएगा बल्कि कई मामलों पर कम समय में आगे भी बढ़ा जाएगा। हमारे सभी प्रस्तावों पर रूस की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। मैं चर्चा को लेकर पूरी तरह संतुष्ट हूं।

**चीनी रक्षा मंत्री से नहीं मिलेंगे राजनाथः** मॉस्को में सैन्य परेड के इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके चीनी समकक्ष वेई फेंगे के बीच द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। चीनी के रक्षा मंत्री वेई फेंगे के भी परेड में हिस्सा लेने की संभावना है। चीनी मीडिया की एक खबर में कहा गया है कि वेई और सिंह मॉस्को में समारोह में हिस्सा ले रहे हैं और पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनाव को लेकर दोनों के बीच मुलाकात की संभावना है।

**रूस से डिफेंस को लेकर विशेष सहयोगः** रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच खासकर डिफेंस को लेकर विशेष सहयोग है। उन्होंने कहा कि उपप्रधानमंत्री युरी से हुई चर्चा से पूरी तरह से संतुष्ट हैं। भारत और रूस के बीच 2018 में दुनिया के सबसे अडवांस्ड एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम–400 की डील 5 अरब डॉलर यानी 40,000 करोड़ रुपये में फाइनल हुई थी।

भारत ने इसकी पांच यूनिट्स खरीदने का करार किया है। दरअसल, यह एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम दुश्मन के एयरक्राफ्ट को आसमान से गिरा सकता है। यह दुश्मन के क्रूज, एयरक्राफ्ट और बलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है।

## दूतावास से कर्मचारी घटाने के आदेश पर चिढ़ा पाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत सरकार के दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास से कर्मचारियों की संख्या को 50 फीसदी कम करने के आदेश से इमरान सरकार को मिर्ची लग गई है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बयान जारी कर भारत के आरोपों को खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने यहां तक कहा कि उसके उच्चायोग के अधिकारियों पर वियना संधि के उल्लंघन करने के आरोप निराधार हैं और पाक सरकार इसे खारिज करती है।

**भारतीय उप उच्चायुक्त को किया तलबः** पाकिस्तान ने विरोध जताने के लिए पाकिस्तान में मौजूद भारतीय उप उच्चायुक्त को तलब किया और कहा कि भारत ने आधारहीन आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान ने भारत के आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारी हमेशा हमेशा अंतरराष्ट्रीय कानून के मापदंडों के भीतर काम करते हैं।

**पाकिस्तान ने भी 50 फीसदी कटौती करने को कहाः** पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने कहा कि भारतीय उप उच्चायुक्त को पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारियों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी किए जाने के बारे में भी सूचित कर दिया गया। उसने बताया कि भारतीय राजनयिक को सात दिनों के भीतर निर्णय को लागू करने के लिए कहा गया।




## फिंगर 4 से लेकर फिंगर 8 तक ऊंचाई वाले इलाकों पर कब्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। दोनों देशों के बीच हुई सहमति में यह भी कहा गया है कि सैनिकों की वापसी की दोनों देशे पुष्टि करेंगे। हालांकि अभी पैन्गॉन्ग सो को लेकर भारत और चीन के बीच स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि चीन यहां से हटने के लिए तैयार नहीं है। चीन ने इस इलाके में कई नए बंकर बनाए लिए हैं और फिंगर 4 से लेकर फिंगर 8 तक आठ किमी के ऊंचाई वाले इलाकों पर कब्जा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो धीरे–धीरे पैन्गॉन्ग सो को छोड़कर अन्य इलाकों से सैनिक हटेंगे। पैन्गॉन्ग सो में अभी चीनी सेना हटने के मूड में नहीं दिखाई दे रही है।

## गलवान घाटी में संघर्ष के भारत पूरी तरह से जिम्मेदारः चीनी रक्षा मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। भारत और चीन के बीच सेनाओं को पीछे करने पर सहमति बनने के एक दिन बाद चीन के रक्षा मंत्रालय ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष के लिए भारत को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू किआन ने कहा कि हम आशा करते हैं कि सीमाई इलाकों शांति और स्थिरता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत ने एकतरफा कार्रवाई की जिसकी वजह से हिंसा हुई।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता किआन ने कहा, भारत–चीन सीमा पर हुए संघर्षों की पूरी जिम्मेदारी भारतीय पक्ष की है। हम आशा करते हैं कि सीमाई इलाकों में शांति और स्थिरता बनी रहेगी। गलवान घाटी में हिंसा की घटना भारतीय पक्ष के एकतरफा उकसावे की कार्रवाई और दोनों पक्षों के बीच हुई आपसी सहमति के उल्लंघन की वजह से हुई है।

**चीनी सेना जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण को बढ़ा रही है**

किआन ने कहा, चीनी सेना कोरोना वायरस के कम होने के साथ ही युद्ध की तैयारी के लिए जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण को बढ़ा रही है। पीएलए के तिब्बत मिलिट्री कमांड ने हाल ही में पठारी इलाकों में लाइव फायर ड्रिल किया था। इसके जरिए सैनिकों की संयुक्त युद्ध क्षमता को परखा गया। यह ड्रिल नियमित रूप से हो रही है और किसी अन्य देश के खिलाफ नहीं है।

**गलवान घाटी में बंकर बना रहा है चीनः** बता दें कि लद्दाख के गलवान घाटी में 15 जून को हुई हिंसक में झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे। वहीं भारतीय जवानों की जवाबी कार्रवाई में चीन के भी 40 जवान हताहत हो गए थे। इस हिंसा के बाद भारत और चीन के सैन्य अधिकारियों के बीच कई दौर बातचीत हुई और अब दोनों देश सेना हटाने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि गलवान घाटी की सैटलाइट से मिली ताजा तस्वीरें जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही हैं।

ओपन सोर्स इंटेलिजेंस अनैलिस्ट ने गलवान घाटी की ताजा सैटलाइट तस्वीरें जारी की हैं।

## पाकिस्तान में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1,88,926 पर पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,892 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या 1,88,926 पर पहुंच गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस संक्रामक रोग के कारण 60 और लोगों की मौत होने के साथ ही मृतकों की संख्या 3,755 पर पहुंच गई। मंत्रालय ने बताया कि देशभर में कोविड–19 के 3,337 मरीजों की हालत गंभीर है। उसने बताया कि बीते 24 घंटे में संक्रमण के 3,892 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या 1,88,926 पर पहुंच गई है। सिंध में सबसे अधिक 72,656 मामले सामने आए हैं। इसके बाद पंजाब में 69,536 मामले, खैबर पख्तूनख्वां में 23,388, इस्लामाबाद में 11,483, बलूचिस्तान में 9,634, गिलगित–बाल्टिस्तान में 1,337 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 892 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक कोरोना वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए 1,150,141 नमूनों की जांच की है जिनमें से 23,380 की जांच पिछले 24 घंटों में की गई। यहां अभी तक इस बीमारी से पीड़ित 77,754 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

## न्यूज डायरी



### किम जोंग उन ने रोकी दक्षिण कोरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग–उन ने दक्षिण कोरिया के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिलहाल स्थगित करने का फैसला किया है। प्योंगयांग की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग–उन ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केन्द्रीय सैन्य आयोग की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उत्तर कोरिया के सैन्य नेताओं की ओर से लाई गई दक्षिण कोरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की योजनाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। केसीएनए ने हालांकि यह जानकारी नहीं दी कि यह निर्णय क्यों लिया गया। उधर दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय के प्रवक्ता, योह संग–की ने कहा कि वह उत्तर कोरिया की रिपोर्ट पर करीबी नजर रख रहे हैं। हालांकि इस संबंध में उन्होंने भी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

### ऑस्ट्रेलिया में एक महीने से अधिक समय में पहली मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में बुधवार को एक महीने से भी अधिक समय के बाद कोविड–19 से मौत का पहला मामला सामने आया है। इसके साथ ही देश में संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या 103 हो गई और संक्रमितों की संख्या 7,521 हो गई।मौत का नया मामला विक्टोरिया राज्य में 80 वर्षीय पुरुष का है। ऑस्ट्रेलिया में पिछले 24 घंटों में संक्रमण के 30 नए मामले समाने आए हैं। इनमें से 20 मामले विक्टोरिया तथा 10 न्यू साउथ वेल्स में सामने आए हैं।क्वींसलैंड में लगातार सातवें दिन कोरोना वायरस का कोई नया मामला सामने नहीं आया। विक्टोरिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ब्रेट सटन ने बताया कि और लोगों के अस्पताल में भर्ती होने का खतरा है। राज्य में अब भी 141 लोग संक्रमित हैं और इनके संपर्क में आए 1,000 से अधिक लोगों का पता लगाने की जरूरत है।

### वर्जीनिया में मॉल के अंदर गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रिचमॉन्ड। वर्जीनिया में एक मॉल के भीतर हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया।चेस्टरफील्ड काउंटी पुलिस ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें रिचमंड के बाहर चेस्टरफील्ड टाउन सेंटर में मंगलवार को हुई गोलीबारी में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल ले जाते हुए दिखाया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से उस इलाके में ना जाने और कोई भी जानकारी मिलने पर उसे साझा करने की अपील की है। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी 'फूड कोर्ट' में की गई। गोलीबारी में कितने लोग शामिल थे इसका अभी पता नहीं चल पाया है।मॉल में 130 से अधिक दुकानें, रेस्तरां आदि हैं।

### दक्षिणी मेक्सिको में भूकम्प के तेज झटके, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेक्सिको। दक्षिणी मेक्सिको में शक्तिशाली भूकम्प आने से कम से कम पांच लोगों की जान चली गई और कई इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। घबराकर हजारों लोग घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए।मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुएल लोपेज ओब्राडोर ने कहा कि ओक्साका के हुआतुलको में इमारत ढहने से एक व्यक्ति की जान चली गई और एक अन्य घायल हुआ है।उन्होंने कहा कि 7.4 की तीव्रता वाले भूकम्प से खिड़कियां टूटने और दीवारें ढहने जैसे कई नुकसान होने की खबर है।ओक्साका के गवर्नर एलजांद्रो मुरात ने बताया कि सैन जुआन ओजोलोटेपेक के एक पहाड़ी गांव में घर ढहने से एक अन्य व्यक्ति की जान गई। वहीं एक और व्यक्ति मौत हुई है लेकिन उसकी मौत का कारण पता नहीं चल पाया।संघीय नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने सरकारी तेल कम्पनी 'पेमेक्स' में काम करने वाले एक कर्मचारी की ऊंचाई से गिरने और सैन अगस्टिन अमातेंगो के ओक्साका गांव में दीवार ढहने से एक व्यक्ति की मौत की जानकारी दी।वहीं 'पेमेक्स' ने कहा कि प्रशांत तट शहर सलीना क्रूज पर उसकी रिफाइनरी में भूकम्प की वजह से आग लग गई, जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया।